नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में "विश्व दुग्ध दिवस" आयोजन

दिनांक 1 जून 2018, दिन शुक्रवार। आज दिनांक 1 जून 2018 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति सभागार में "विश्व दुग्ध दिवस" का आयोजन हुआ, यह कार्यक्रम खाद्य एवं कृषि संगठन संयुक्त राष्ट्र संध द्वारा 1 जून 2001 से मनाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य डेयरी क्षत्र में स्थायित्व, आर्थिक समृद्धि अजीविका तथा खाद्य पोषण में महत्वपूर्ण योगदान है। इस वर्ष दुग्ध ग्रहण करते हुये मानव स्वास्थ्य को सुदृढ़ता प्रदान कराना है। इसी श्रंखला में यह आयोजन माननीय डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल जी, कुलपति ना.दे.प.चि.वि. विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुशल मागदर्शन व संरक्षण एवम् डॉ. पी.जी. नाजपांडे, प्रांतीय अध्यक्ष, नागरिक उपभोक्ता मंच, जबलपुर, म.प्र. के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। इस अवसर पर डॉ. सुनील नायक, संचालक विस्तार शिक्षा ने मध्यप्रदेश में डेयरी विकास की अपार संभावनाओं पर पावर पाइन्ट प्रिजेंन्टेशन दिया। मख्य अतिथि डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने अपने उद्बोधन में बढ़ती आबादी के अनुपात में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि व उचित मूल्य पर उत्तम गुणवत्ता के दूध की उपलब्धता को सुनिश्चित करना है। साथ ही आपने नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान वि.वि. में डेयरी विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय की स्थापना पर बल दिया। जिससे प्रदेश में दूध की गुणवत्ता के साथ उचित दर उपलब्धता सुनिश्चित करने में वि. वि. की महत्वपूर्ण सहभागिता प्रति पादित हो सके। माननीय डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल ने अपने उद्बोधन में वि. वि. में संचालित शिक्षण, अनुसंधान परियोजनाओं एवं विस्तार गतिविधियों में उपस्थित अतिथियों, वि.वि. के डॉ. एस.एन.एस. परमार, अधिष्ठाता संकाय, डॉ पी.सी. शुक्ला, डायरेक्टर क्लीनिक, डॉ. श्रीकांत जोशी, संचालक शिक्षण, डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, डॉ. अन्जू नायक, सह–प्राध्यापक, डॉ. मनीष शुक्ला एवं डॉ. रूचि सिंह, सहायक प्राध्यापक, व अधिकारियों, प्रेस व इलेक्टानिक मीडिया के प्रवक्ताओं को जानकारियों से अवगत कराया। साथ ही आपने गौ संवर्धन एवं संरक्षण से संबंधित भावी परियोजना के बारे में विस्तार स अवगत कराया व सभी को विश्व दुग्ध दिवस पर शुभकामनायें प्रषित की गई।

इस कार्यक्रम में संस्कारधानी के गणमान्यों एवं पशुपालकों की उपस्थिति उल्लेखनी रही। विश्व दिवस कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमिता तिवारी, सहायक प्राध्यापक एवं कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन डॉ. ए.के. गौर, सह–प्राध्यापक, संचालनालय विस्तार शिक्षा, ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर ने किया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर